**24th February, 2025**

To,
Department of Corporate Services,
Listing Compliance
National Stock Exchange of India Limited
Exchange Plaza, 5th Floor,
Plot No. C/1, G Block
Bandra -Kurla Complex, Bandra (E),
Mumbai – 400 051.

**Ref: Scrip Code/ Symbol: DIL**

Dear Sir/Madam,

**Subject: Newspaper Notice – Extract of Financial Results Publication**

Pursuant to regulation 47 of Securities and Exchange Board of India (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015, please find the enclosed herewith a copy of Newspaper Advertisement published on 23rd February, 2025 in English and Hindi edition with reference to the publication of Financial Results for the Quarter ended 31.12.2024

You are requested to take the above cited information on your records.

Thanking You,

**For Debock Industries Limited**
**(Formerly known as Debock Sales & Marketing Limited)**

MUKESH MANVEER SINGH
Digitally signed by MUKESH MANVEER SINGH
Date: 2025.02.24 14:56:49 +05'30'

**Mukesh Manveer Singh**
**Director**
**DIN: 01765408**
**E-mail: cs@debockgroup.com info@debockgroup.com**

# ब्रेस पोर्ट लॉजिस्टिक्स लिमिटेड 'लूम सोलर प्राइवेट लिमिटेड' से हवाई और समुद्री परिवहन के माध्यम से माल अग्रेषण और अंतर्राष्ट्रीय रसद सेवाएं प्रदान करने के लिए 100 करोड़ रुपए का ऑर्डर मिला

**बिजनेस रेमेडीज़/नई दिल्ली।** नई दिल्ली आधारित ब्रेस पोर्ट लॉजिस्टिक्स लिमिटेड समुद्री कार्गो लॉजिस्टिक्स सेवाएं प्रदान करने में माहिर कंपनी है। कंपनी ने शेयर बाजारों को सूचित किया है कि कंपनी ग्राहक 'लूम सोलर प्राइवेट लिमिटेड' से हवाई और समुद्री परिवहन के माध्यम से माल अग्रेषण और अंतर्राष्ट्रीय रसद सेवाएं प्रदान करने के लिए अनुबंध से सम्मानित किया गया है। अनुबंध का मूल्य लगभग 100 करोड़ रुपये है, जिसे अगले पांच वर्षों में निष्पादित किया जाना है। मेसर्स लूम सोलर प्राइवेट लिमिटेड सौर उद्योग में एक अग्रणी कंपनी है जिसका कार्यालय फरीदाबाद, हरियाणा में है। कंपनी के पास पीवी मॉड्यूल, बैटरी और इनवर्टर जैसे उत्पाद हैं जिनमें सोलर पैनल, लिथियम बैटरी और सोलर इन्वर्टर शामिल हैं और यह आवासीय, वाणिज्यिक और औद्योगिक और कृषि परियोजनाओं के लिए ऊर्जा भंडारण, हाइब्रिड सिस्टम और ग्रिड कनेक्शन आदि के संबंध में समाधान भी प्रदान करती है।

**यह करती है कंपनी:** नवंबर 2020 में स्थापित, ब्रेस पोर्ट लॉजिस्टिक्स लिमिटेड एक ऐसी कंपनी है जो कि पूरे देश में भिन्न क्षेत्रों के ग्राहकों को समुद्री कार्गो लॉजिस्टिक्स सेवाएं प्रदान करने में माहिर है। कंपनी 4पीएल सेवाएं प्रदान करती है। कंपनी एयर फ्रेट, वेयरहाउसिंग सुविधाएं, विशेष कार्गो सेवाएं जैसे विदेशों में कार्गो को संभालने और अन्य विदेशी देशों में इसकी डिलीवरी और सीमा शुल्क निकासी सेवाओं जैसी सेवाएं भी प्रदान करती है।

कंपनी के पास 60 से अधिक देशों में एक मजबूत नेटवर्क है और कंपनी भारत और वैश्विक स्तर पर चिकित्सा आपूर्ति, फार्मास्यूटिकल्स, खेल के सामान, खराब होने वाली वस्तुएं, इलेक्ट्रॉनिक्स, उपभोक्ता टिकाऊ वस्तुएं और ऑटोमोटिव सहित विभिन्न उद्योगों में ग्राहकों को सेवा प्रदान करती है। कंपनी जर्मनी, वियतनाम, यूएई, हांगकांग और बांग्लादेश जैसे देशों को सेवाएं प्रदान करती है।

कंपनी गुणवत्ता प्रबंधन प्रणाली (आईएसओ आईएसओ 9001:2015), पर्यावरण प्रबंधन प्रणाली (आईएसओ 14001:2015) और व्यावसायिक स्वास्थ्य और सुरक्षा प्रबंधन प्रणाली (आईएसओ 45001:2015) के लिए प्रमाणित है। कंपनी एयर फ्रेट सर्विस भी उपलब्ध कराती है।

ऑक्सीजन कंसंट्रेटर पहुंचाने में ब्रेस पोर्ट की भागीदारी स्वास्थ्य देखभाल के बुनियादी ढांचे का समर्थन करने और जरूरतमंद लोगों की मदद करने की कंपनी की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। वैश्विक स्तर पर कोविड-19 महामारी में वृद्धि के कारण ऑक्सीजन कंसंट्रेटर की बढ़ती मांग के दौरान ब्रेस पोर्ट टीम के प्रयास कोविड-19 से जूझ रहे लोगों की मदद करने के लिए महत्वपूर्ण थे। ब्रेस पोर्ट टीम के समर्पित कोविड योद्धाओं ने अप्रैल से जून 2021 तक महामारी की दूसरी लहर के दौरान ऑक्सीजन कंसंट्रेटर को संभाला और दिल्ली व यूपी के अस्पतालों में उनकी अंतिम डिलीवरी की गई। टीम ने यूपी के उन छोटे-छोटे गांवों में भी ऑक्सीजन कंसंट्रेटर पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, जहां आधुनिक दवाएं नहीं पहुंच पाती थीं।

ब्रेस पोर्ट की विशेषज्ञता तारों की ट्रांसपोर्टेशन की है। कंपनी के पोर्टफोलियो में फोर्ड,पियाजियो, चांगैंग, डेमलर जैसी प्रमुख कंपनियां शामिल है। वित्त वर्ष 2024 में कंपनी के कुल कारोबार में समुद्री कार्गो लॉजिस्टिक्स की हिस्सेदारी 47.49 फीसदी और एयर कार्गो लॉजिस्टिक्स 52.51 फीसदी दर्ज की है। इससे स्पष्ट हो रहा है कि कंपनी ने एयर कार्गो लॉजिस्टिक्स पर फोकस बढ़ाया है।

# इटकोंस ई-सॉल्यूशंस लिमिटेड ने विप्रो लिमिटेड से 1 वर्ष की अवधि के लिए अनुबंध के आधार पर जनशक्ति सेवाएं प्रदान करने के लिए हासिल किया 64.27 लाख रुपए का ऑर्डर

**बिजनेस रेमेडीज़/नई दिल्ली।** नई दिल्ली आधारित प्रमुख मानव संसाधन क्षेत्र में कार्यरत कंपनी इटकोंस ई-सॉल्यूशंस लिमिटेड ने शेयर बाजारों को सूचित किया है कि कंपनी ने 1 वर्ष की अवधि के लिए अनुबंध के आधार पर जनशक्ति सेवाएं (सेवा डेस्क समन्वयक और जनशक्ति सहायता सेवा) प्रदान करने के लिए विप्रो लिमिटेड से एक नया कार्य आदेश प्राप्त किया है। अनुबंध का कुल मूल्य 64,27,200.40/- (केवल चौंसठ लाख सत्ताईस हजार दो सौ चालीस पैसे) रुपए है, जिसमें सभी लागू कर शामिल हैं। यह कार्य आदेश कंपनी के लिए एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि है और विप्रो लिमिटेड के साथ कंपनी के सहयोग को और मजबूत करता है।

**यह करती है कंपनी:** इटकोंस ई-सॉल्यूशंस लिमिटेड ह्यूमन रिसोर्स सर्विसेज देने का काम करती है। कंपनी मुख्य रूप से संगठित क्षेत्र में सार्वजनिक और निजी दोनों संगठनों को अपनी सेवाएं प्रदान करती है। कंपनी द्वारा मुख्य रूप से दो प्रकार की सेवाएं दी जा रही है। 1. मेनपावर सप्लाई/रिकूटमेंट सर्विस 2. मेनपावर सोर्सिंग/ स्टाफिंग सर्विसेज निगमन के बाद से 'इटकोंस ई-सॉल्यूशंस लिमिटेड' अनुबंधित कर्मचारियों सहित बड़ी संख्या में कर्मचारियों की टीम बन गई है। कंपनी स्टाफिंग और भर्ती, सूचना प्रौद्योगिकी, एफएमसीजी, खाद्य आदि जैसे विभिन्न क्षेत्रों में अपनी विशेषज्ञ सेवाएं प्रदान करती है। इटकोंस ई-सॉल्यूशंस लिमिटेड अपनी सेवाओं की पेशकश को विकसित कर रही है ताकि अपने ग्राहकों को कंपनी की सेवाओं के माध्यम से उनकी एंड-टू-एंड एचआर जरूरतों का समर्थन किया जा सके। कंपनी की सेवाओं की श्रेणी को निम्नलिखित व्यवसायों के अंतर्गत विभाजित किया गया है: 1. आईटी स्टाफिंग 2. जनरल स्टाफिंग 3. री-बेजिंग 4. रिक्रूटमेंट प्रोसेस आउटसोर्सिंग 5. पास थ्रो सर्विसेज 6. पेरोल सर्विसेज 7. मैनेज्ड आईटी सर्विसेज 8. प्रोडक्ट इंस्टॉलेशन एवं सर्विसिंग सॉल्यूशन 9. परमानेंट हायरिंग कंपनी ने गत 15 वर्षों में बड़ी संख्या में लोगों को काम दिलवाया है। कंपनी को मूल रूप से आईटी स्टॉफिंग से ऑर्डर मिल रहे हैं। कंपनी द्वारा विप्रो, एलटीटाई माईंडट्री, टीवीएसई, इनफिनाइट सॉल्यूशंस, एचसीएल इत्यादि प्रमुख कंपनियों को सर्विस प्रदान की जा रही है। कंपनी को अच्छी सर्विस देने पर ग्राहक कंपनियों से नियमित रूप से ऑर्डर मिल रहे हैं।

# गणेश इंफ्रावर्ल्ड लिमिटेड अनुबंध के आधार पर कोलकाता में विभिन्न परियोजनाओं में जल प्रबंधन और सिविल कार्यों के लिए मिला 129.80 करोड़ रुपए का टर्नकी अनुबंध

**बिजनेस रेमेडीज़/जयपुर।** कोलकाता आधारित इंफ्रास्ट्रक्चर कंपनी गणेश इंफ्रावर्ल्ड लिमिटेड ने शेयर बाजारों को सूचित किया है कि कंपनी को अनुबंध के आधार पर कोलकाता में विभिन्न परियोजनाओं में जल प्रबंधन और सिविल कार्यों के लिए टर्नकी अनुबंध से सम्मानित किया गया है। कोलकाता में विभिन्न परियोजनाओं पर जल अवसंरचना प्रबंधन, विकास परियोजना के लिए ईपीसी सिविल और इलेक्ट्रिकल कार्य करना होगा। ऑर्डर की अवधि 24 महीने है और मूल्य 129,80,00,000/- रुपए है।

यह कार्य आदेश बड़े पैमाने पर ईपीसी परियोजनाओं को निष्पादित करने में कंपनी की मजबूत क्षमताओं और बाजार नेतृत्व का एक प्रमाण है। यह महत्वपूर्ण आदेश शहरी बुनियादी ढांचे के विकास में उत्कृष्टता प्रदान करने की कंपनी की प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है।

**यह करती है:** 2017 में निगमित, गणेश इंफ्रावर्ल्ड लिमिटेड एक कंस्ट्रक्शन कंपनी है जो कंस्ट्रक्शन-संबंधित सेवाओं की एक विस्तृत श्रृंखला की पेशकश करती है। कंपनी पूरे भारत में औद्योगिक, नागरिक, आवासीय और वाणिज्यिक भवनों के साथ-साथ सड़क, रेलवे, बिजली और जल वितरण परियोजनाओं के कंस्ट्रक्शन में माहिर है।

# इंटीग्रेटेड फैसिलिटी प्रबंधन सेवाएं प्रदान करने वाली कंपनी 'सुप्रीम फैसिलिटी सर्विस मैनेजमेंट लिमिटेड' ने घोषित किए छमाही वित्तीय परिणाम, राजस्व एवं लाभ में वृद्धि

बिजनेस रेमेडीज़/जयपुर। पूना आधारित 'सुप्रीम फैसिलिटी सर्विस मैनेजमेंट लिमिटेड' विभिन्न प्रकार की इंटीग्रेटेड फैसिलिटी प्रबंधन सेवाएं प्रदान करने वाली देश की प्रमुख कंपनी है। कंपनी ने 30 सितंबर 2024 को समाप्त वित्त वर्ष 2025 की पहली छमाही के वित्तीय परिणाम प्रस्तुत किए हैं।

कंसोलिडेटेड बैलेंस शीट के अनुसार 30 सितंबर 2024 को समाप्त वित्त वर्ष 2025 की पहली छमाही में कंपनी ने गत वित्त वर्ष की समान अवधि में अर्जित 159.41 करोड़ रुपए के मुकाबले 25.94 फीसदी अधिक 200.77 करोड़ रुपए का राजस्व अर्जित किया है। 30 सितंबर 2024 को समाप्त वित्त वर्ष 2025 की पहली छमाही में कंपनी ने गत वित्त वर्ष की समान अवधि में अर्जित 1.93 करोड़ रुपए के मुकाबले 173.05 फीसदी अधिक 5.27 करोड़ रुपए का कर पश्चात शुद्ध लाभ अर्जित किया है। 30 सितंबर 2024 को समाप्त वित्त वर्ष 2025 की पहली छमाही में कंपनी ने 2.63 रुपए का ईपीएस अर्जित किया है।

यह करती है कंपनी: 2005 में निगमित, सुप्रीम फैसिलिटी सर्विस मैनेजमेंट लिमिटेड अन्य व्यवसायों को हाउसकीपिंग, सफाई, कीटाणुशोधन, स्वच्छता, स्टाफिंग और कॉर्पोरेट खाद्य समाधान सेवाएं जैसी इंटीग्रेटेड फैसिलिटी प्रबंधन सेवाएं प्रदान करती है।

कंपनी का व्यवसाय 2 खंडों इंटीग्रेटेड फैसिलिटी प्रबंधन और सहायता सेवाएँ में विभाजित है।

इंटीग्रेटेड फैसिलिटी प्रबंधन सेवाओं में कंपनी का पोर्टफोलियो

सॉफ्ट सेवाएँ: इनमें हाउसकीपिंग और सफाई, कीटाणुशोधन और स्वच्छता, कीट नियंत्रण, बागवानी और बाहरी इमारत की सफाई शामिल है।

कठिन सेवाएँ: ये विद्युत, पाइपलाइन और रखरखाव के साथ-साथ जनरेटर और यूपीएस सिस्टम जैसे बिजली उपकरणों के प्रबंधन से संबंधित सेवाएँ हैं।

स्टाफिंग सेवा: इसमें विभिन्न सहायता सेवाओं के लिए ग्राहक की जरूरतों के आधार पर जनशक्ति या स्टाफिंग प्रदान करना शामिल है।

सहायता सेवाओं का पोर्टफोलियो

ईटी सेवा खंड: कर्मचारी परिवहन समाधान मुख्य रूप से कॉर्पोरेट ग्राहकों के लिए डिज़ाइन किए गए हैं, जो निर्दिष्ट बिंदुओं पर पिकअप और ड्रॉप-ऑफ सेवाएं प्रदान करके उनके कर्मचारियों की आने-जाने की जरूरतों को पूरा करते हैं। यह खंड शटल और बस सेवाएं भी प्रदान करता है।

उत्पादन सहायता सेवा: आउटसोर्सिंग का एक रूप जहां उत्पादन प्रक्रिया पर समग्र नियंत्रण बनाए रखते हुए विशिष्ट कार्य या प्र याएं बाहरी संस्थाओं या ठेकेदारों को सौंपी जाती हैं।

कॉर्पोरेट खाद्य सेवा खंड: कॉर्पोरेट सेटिंग के भीतर भोजन और संबंधित सेवाएं प्रदान करने को संदर्भित करता है। ये सेवाएँ कंपनी परिसर में कर्मचारियों, ब्लू-कॉलर श्रमिकों, ग्राहकों और मेहमानों की भोजन आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए तैयार की गई हैं। इसमें खानपान, कैफेटेरिया प्रबंधन, वेंडिंग सेवाएं और कार्यक्रम योजना शामिल है।

# फरवरी माह में ही सेंसेक्स 2,000 अंक से अधिक गिरा

**बिजनेस रेमेडीज़/नई दिल्ली।** शेयर मार्केट में फिलहाल लगातार गिरावट हो रही है और निवेशकों के पोर्टफोलियो गहरे नुकसान में चले गए हैं। एफआईआई की सेलिंग इस गिरावट का बड़ा कारण है और सिर्फ साल 2025 में ही विदेशी निवेशक इस बाजार में एक लाख करोड़ रुपए की बिकवाली कर चुके हैं, जिससे बाजार में वोलिटिलिटी बढ़ रही है।

बाजार में उथल-पुथल मची हुई है, इस साल फरवरी में सेंसेक्स में करीब 2,300 अंकों की गिरावट आई है। विदेशी संस्थागत निवेशकों ( एफआईआई ) ने सिर्फ फरवरी माह में भारतीय इक्विटी से 23,000 करोड़ रुपये की भारी निकासी की है, जिससे अरबों डॉलर का नुकसान हुआ है. स्मॉलकैप और मिडकैप शेयरों को सबसे ज्यादा नुकसान हुआ है, जिससे निवेशक गहरे घाटे में हैं।

# पैरागॉन फाइन एंड स्पेशलिटी केमिकल्स लिमिटेड को मिले 31 करोड़ रुपए के आर्डर

**बिजनेस रेमेडीज़/जयपुर।** अहमदाबाद आधारित कंपनी पैरागॉन फाइन एंड स्पेशलिटी केमिकल्स लिमिटेड ने शेयर बाजारों को सूचित किया है कि कंपनी लगभग 16,00,00,000/- रुपए (केवल सोलह करोड़ रुपये) का अनुबंध प्राप्त हुआ है। कंपनी को यह ऑर्डर अगले दो तिमाहियों के भीतर वितरित करने की उम्मीद है। इसके अलावा, कंपनी को घरेलू और अंतरराष्ट्रीय दोनों तरह के विभिन्न ग्राहकों से अगले दो तिमाहियों में निष्पादन के लिए लगभग 15,00,00,000/- रुपए (केवल पंद्रह करोड़ रुपये) की बिक्री के ऑर्डर प्राप्त हुए हैं। यह विकास कंपनी की मजबूत ऑर्डर बुक और विकास प्रक्षेपव की पुष्टि करता है।

**यह करती है कंपनी:** 2004 में पैरागॉन इंडस्ट्रीज के रूप में स्थापित, पैरागॉन फाइन एंड स्पेशलिटी केमिकल्स लिमिटेड (पीएफएससीएल) फार्मा, सौंदर्य प्रसाधन और कृषि क्षेत्रों की पूर्ति के लिए स्पेशल इंटरमीडिएटरी उत्पाद में एक वैश्विक नेतृत्वकर्ता है। 600 एमटीपीए की उत्पादन क्षमता के साथ परिचालन करते हुए, पैरागॉन नवाचार और स्थिरता द्वारा संचालित 140 से अधिक उच्च गुणवत्ता वाले उत्पाद वितरित करती है। कंपनी के पास आईएसओ 9001:2015, आईएसओ 14001:2015, आईएसओ 45001:2018 और एसए 8000 सहित कई प्रमाणपत्र हैं, जो उत्कृष्टता और ग्राहक संतुष्टि के प्रति उसकी प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं।

# भारतीय शेयर बाजार में हर उछाल पर बिकवाली रहेगी



निखिल भट्ट
रिसर्च एनालिस्ट, सेबी पंजीकृत



दिनांक 24.02.2025 शेयर बाजार में ट्रेडिंग के संबंध में....

दिनांक 21.02.2025 पर निफ्टी फ्यूचर क्लोजिंग प्राइस@22822 पॉइंट पर :-

अगले कारोबार के लिए संभवित निफ्टी फ्यूचर 23008 अंक के मजबूत स्टॉपलॉस के साथ सबसे महत्वपूर्ण स्तर 22676-22606 अंक को छू सकता है निफ्टी फ्यूचर में प्रतिक्रियात्मक के लिए 23088 रुपये का महत्वपूर्ण स्टॉपलॉस के साथ सावधानी की स्थिति....

दिनांक 21.02.2025 पर बैंक निफ्टी फ्यूचर क्लोजिंग प्राइस@49031 पॉइंट पर :-

अगले कारोबार के लिए संभवित बैंक निफ्टी फ्यूचर 48404 अंक के मजबूत स्टॉपलॉस के साथ सबसे महत्वपूर्ण स्तर 49090- 49190 अंक को छू सकता है बैंक निफ्टी फ्यूचर में प्रतिक्रियात्मक के लिए 48188 रुपये का महत्वपूर्ण स्टॉपलॉस के साथ सावधानी की स्थिति....

अब नजर डालते हैं फ्यूचर्स स्टॉक सम्बंधित मूवमेंट पर...

**भारती एयरटेल ( 1636 ) :-** टेलीकॉम - सेल्युलर&फिक्स्ड लाइन सर्विस ग्रुप की इस अग्रणी कंपनी के शेयर की कीमत फिलहाल 1595 रुपये के आसपास है। 1580 रुपये के सख्त स्टॉपलॉस के साथ खरीदा जा सकने वाला यह स्टॉक 1673 से 1680 रुपये की निर्धारित लक्ष्य की संभावना है। 1680 रुपये पर तेजी का रुख दिखाएगा।

**कोटक महिन्द्रा बैंक ( 1955 ) :-** तकनीकी चार्ट के अनुसार 1937 रुपये के आसपास सकारात्मक ब्रेकआउट। 1923 रुपये के सपोर्ट से खरीदा जा सकने वाला यह स्टॉक 1967 रुपये से 1980 रुपये तक के लक्ष्य भाव की संभावना है।

**आईसीआईसीआई बैंक (1233) :-** प्राइवेट बैंक सेक्टर के शेयर में 1253 रुपये से 1260 रुपये तक की शॉर्ट टर्म तेजी का रुख दिखाएगा, 1180 रुपये के अनुमानित सख्त स्टॉपलॉस का पालन करें।

**अरबिंदो फार्मा ( 1109 ) :-** फार्मा सेक्टर के शेयर में 1134 रुपये से 1140 रुपये तक की शॉर्ट टर्म तेजी का रुख दिखाएगा, 1050 रुपये के अनुमानित सख्त स्टॉपलॉस का पालन करें।

**एसबीआई कार्ड्स ( 835 ) :-** 10 रुपये का फेसवैल्यूका फंडामेंटल स्ट्रॅान्ग यह स्टॉक करीब 770 स्टॉप लॉस के साथ खरीदा जा सकने नॉन बैंकिंग फाइनेंशियल कंपनी सेक्टर के इस स्टॉक में लगभग 848 रुपये से 860 रुपये तक लक्ष्य की संभावना है।

**टेक महिंद्रा ( 1650 ) :-** तकनीकी चार्ट के कंप्यूटर - सॉफ्टवेयर | कंसल्टिंग सेक्टर के इस शेयर पर बिकवाली होने की संभावना के साथ 1616 रुपये से 1606 रुपये के आसपास लक्ष्य भाव की संभावना है। प्रतिक्रियात्मक के लिए 1707 का स्टॉपलॉस ध्यान में रखें।

**मुथुट फाइनेंस ( 2203 ) :-** इस शेयर को 2234 रुपये के आसपास ओवरबोट स्थिति दर्ज करते हुए बिकवाली की संभावना के साथ इसकी कीमत 2188 रुपये से 2170 रुपये के मूल्य स्तर के आसपास लक्ष्य की संभावना है। 2240 रुपये के स्तर पर एक तेजी का माहोल।

**जिंदल स्टील ( 876 ) :-** आयरन&स्टील सेक्टर का यह स्टॉक 909 रुपये के स्टॉपलॉस के साथ बेचकर 860 रुपये से 838 रुपये के मूल्य स्तर के आसपास लक्ष्य की संभावना है।

**टाटा कॉम्युनिकेशन्स ( 1443 ) :-** टेलीकॉम - सेल्युलर&फिक्स्ड लाइन सर्विस सेक्टर के इस शेयर को करीब 1474 रुपये स्टॉपलॉस के साथ बेचकर 1424 रुपये से 1404 रुपये का टारगेट प्राइस रहने की संभावनाहै। ट्रेडिंग के लिए 1480 रुपये का सख्त स्टॉपलॉस का पालन करें।

**एचडीएफसी लाइफ ( 621 ) :-** इस शेयर को करीब 646 रुपये का स्टॉपलॉस साथ बेचकर की टारगेट प्राइस 606 रुपये से लेकर 580 रुपये तक रहने की संभावना है। 654 रुपये पर तेजी का रुख दिखाएगा।

**लेखक सेबी पंजीकृत अनुसंधान विश्लेषक और इन्वेस्टमेंट पोइन्ट के मालिक हैं।**

**विशेष नोट:- डिस्क्लेमर / नीति / शर्तें www.nikhilbhatt.in के अधीन...!!!**

**नोट: शेयरों में निवेश करने से पूर्व निवेशको को वित्तीय सलाहकार की सलाह लेनी चाहिए**

# वैश्विक अस्थिरता से कंसोलिडेशन में भारतीय शेयर बाजार, एफआईआई की जल्द हो सकती है वापसी



**बिजनेस रेमेडीज़/मुंबई/आईएएनएस।** भारतीय शेयर बाजार इस हफ्ते कंसोलिडेशन फेस में रहा। इस दौरान सेंसेक्स और निफ्टी में करीब आधा प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। इस गिरावट की वजह कमजोर वैश्विक संकेत और ट्रेड वार को माना जा रहा है।

सेंसेक्स और निफ्टी की शुरुआत इस हफ्ते सकारात्मक नोट पर हुई थी। फार्मा, मेटल और एनर्जी शेयरों में खरीदारी देखी गई थी। हालांकि, अमेरिका द्वारा नए टैरिफ की धमकी के बाद लार्जकैप शेयरों में बिकवाली देखी गई। इसने बाजारों के संटीमेंट को खराब किया।

मिडकैप और स्मॉलकैप इंडेक्स में खरीदारी देखी गई है और दोनों इंडेक्स साप्ताहिक आधार पर करीब 2 प्रतिशत चढ़कर बंद हुए हैं। बाजार में अस्थिरता ऐसे समय में आई है जब पारस्परिक टैरिफ और वैश्विक आर्थिक स्थिरता पर चिंताएं निवेशकों के संटीमेंट को प्रभावित कर रही हैं।

जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के विनोद नायर ने कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की पारस्परिक टैरिफ की घोषणा ने निर्यात से जुड़े उद्योगों, विशेष रूप से फार्मास्युटिकल क्षेत्र को बुरी तरह प्रभावित किया और सेक्टर का प्रदर्शन काफी खराब रहा। रिपोर्ट में आगे कहा गया कि आने वाले समय में बाजार में उतार-चढ़ाव जारी रह सकता है। इसकी वजह छुट्टियों के कारण छोटा कारोबारी हफ्ता और डेरिवेटिव्स कॉन्ट्रैक्ट्स की मासिक एक्सपायरी होना है।

डेजर्व के सह-संस्थापक वैभव पोरवाल ने कहा, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) का प्रवाह अगले 3-6 महीनों में भारत में लौट सकता है। इसकी वजह लंबी अवधि में भारतीय अर्थव्यवस्था का मजबूत होना है।

उन्होंने आगे कहा कि मजबूत घरेलू मांग, डिजिटल ट्रांसफॉरमेशन और इन्फ्रास्ट्रक्चर पर जोर होने के कारण लंबी अवधि में कॉरपोरेट्स की आय में वृद्धि होने की संभावना है।

भारतीय शेयर बाजार शु वार को लाल निशान में बंद हुआ था। सेंसेक्स 424.90 अंक गिरकर 75,311.06 और निफ्टी 117.25 अंक गिरकर 22,795.90 पर बंद हुआ।

# डिबॉक इंडस्ट्रीज लिमिटेड

(पूर्व नाम डिबॉक सेल्स एंड मार्केटिंग लिमिटेड)

पंजीकृत कार्यालय: 51, लोहिया कॉलोनी, 200 फीट बाई-पास, वैशाली नगर, जयपुर-302021

टेलीफोन: +91-7999999975, ई-मेल: info@debockgroup.com, वेबसाइट: www.debockgroup.com

CIN: L52190RJ2008PLC027160

**31 दिसंबर, 2024 को समाप्त तिमाही और नौमाही के लिए अनअंकेक्षित वित्तीय परिणामों का विवरण**

प्रति शेयर आंकड़ों को छोड़कर रुपए लाखों में

| क्र. सं. | विवरण | समाप्त तिमाही | | | समाप्त नौमाही | | समाप्त वर्ष | समाप्त वर्ष |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 31-12-24 (अनअंकेक्षित) | 30-09-24 (अनअंकेक्षित) | 30-06-24 (अनअंकेक्षित) | 31-12-24 (अनअंकेक्षित) | 31-12-23 (अनअंकेक्षित) | 31-03-24 (अंकेक्षित) | 31-03-23 (अंकेक्षित) |
| 1 | संचालन से राजस्व | 69.21 | 1618.86 | 1338.98 | 3027.00 | 8127.55 | 9826.09 | 14640.96 |
| 2 | असाधारण एवं असाधारण वस्तु एवं कर से पूर्व लाभ/(हानि) | -20.49 | 323.57 | 278.20 | 581.28 | 588.88 | 756.27 | 1735.29 |
| 3 | असाधारण वस्तु एवं कर से पूर्व लाभ/(हानि) | -20.49 | 323.57 | 278.20 | 581.28 | 588.88 | 756.27 | 1735.29 |
| 4 | कर पूर्व लाभ/(हानि)। | -20.49 | 323.57 | 278.20 | 581.28 | 588.88 | 756.27 | 1735.29 |
| 5 | वर्ष के लिए लाभ/(हानि) | -20.49 | 323.57 | 205.87 | 581.28 | 588.88 | 756.27 | 1735.29 |
| 6. | अवधि के लिए कुल व्यापक आय | -20.49 | 323.57 | 205.87 | 581.28 | 588.89 | 756.27 | 1735.29 |
| 7 | प्रदत्त इक्विटी शेयर पूंजी (प्रति शेयर अंकित मूल्य रु. 10) | 16273.61 | 16273.61 | 16273.61 | 16273.61 | 10916.47 | 16273.61 | 7644.00 |
| 8 | अन्य इक्विटी | 5708.44 | 5726.09 | 5406.22 | | | 5200.35 | 612.77 |
| 9 | प्रति शेयर आय (प्रत्येक 10/- रु.) (तिमाही के लिए वार्षिक नहीं): मुल/तनुकृत | -0.01 | 0.2 | 0.19 | 0.03 | 0.89 | 0.05 | 1.68 |

टिप्पणियां:

1.उपरोक्त वित्तीय परिणामों की कंपनी की लेखापरीक्षा समिति द्वारा समीक्षा और अनुशंसा की गई है और 21 फरवरी 2024 को आयोजित बैठक में कंपनी के निदेशक मंडल द्वारा अनुमोदित किया गया है।

2.कंपनी ने कंपनी (भारतीय लेखा मानक) नियम 2015 के सपठित अधिनियम की धारा 133 के तहत निर्दिष्ट भारतीय लेखा मानक (इंडएएस) के अनुसार और सेबी के विनियम 33 (सूचीबद्धता दायित्व और प्रकटीकरण आवश्यकताएँ) विनियम 2015 यथा संशोधित के संदर्भ में वित्तीय परिणाम तैयार किए हैं।

3.कंपनी के पास इंड एस 108 के संदर्भ में एक से अधिक रिपोर्ट करने योग्य खंड नहीं है और खंडवार रिपोर्टिंग लागू नहीं है।

4. कंपनी (अकाउंट्स) नियम 2014 के नियम 3 के अनुसार, कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय ने निम्नलिखित संशोधन शामिल किए हैं: 'बशर्ते कि 1 अप्रैल 2021 के बाद शुरू होने वाले वित्तीय वर्ष के लिए, प्रत्येक कंपनी जो अपने खाते की पुस्तकों को बनाए रखने के लिए लेखांकन सॉफ्टवेयर का उपयोग करती है , केवल ऐसे लेखांकन सॉफ़्टवेयर का उपयोग करेगी, जो प्रत्येक लेनदेन के ऑडिट ट्रेल को रिकॉर्ड करे, खाते की पुस्तकों में किए गए प्रत्येक परिवर्तन का एक संपादन लॉग बनाएगी, साथ ही उस तारीख को भी जब ऐसे परिवर्तन किए गए होंगे और यह सुनिश्चित करना कि ऑडिट ट्रेल को अक्षम नहीं किया जा सकता है। हालांकि, कंपनी ने इसे अपने अकाउंटिन सॉफ्टवेयर में लागू नहीं किया है और इसका कार्यान्वयन प्रक्रिया में है।'

5.पिछली अवधि के आंकड़ों को तुलनीय बनाने के लिए, जहां भी आवश्यक हो, पुनर्कथित/पुन:समूहित/पुनः वर्गीकृत किया गया है।

निदेशक मंडल के लिए और की ओर से
डेबॉक इंडस्ट्रीज लिमिटेड
कृते/-
मुकेश मनवीर सिंह
प्रबंध निदेशक
डीआईएन: 01765408

दिनांक: 21 फरवरी, 2025
स्थान: जयपुर

